**NEWS CLIPPING: 04.08.2018**

**DAINIK BHASKAR**

# वाईएमसीए ने एमए जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन के लिए पुनः मांगे आवेदन

फरीदाबाद| वाईएमसीए यूनिवर्सिटी द्वारा एमए जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए एक बार दोबारा आवेदन आमंत्रित किए हैं। फिजिकल काउसंलिंग का कार्यक्रम घोषित किया है। अब विद्यार्थी एमए जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 8 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल ने बताया कि एमए जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में आरक्षित श्रेणी की रिक्त सीटों पर पुनः आवेदन का निर्णय विद्यार्थियों के हितों को देखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा रिक्त सीटों पर दाखिला स्नातक में प्राप्त अंकों की मैरिट के आधार पर किया जाएगा। इसमें आरक्षित श्रेणी की सीटों पर पहले आरक्षित वर्गों के विद्यार्थियों को वरीयता दी जाएगी।

**NEWS CLIPPING: 04.08.2018**

**NAVBHARAT TIMES**

# वाईएमसीए में जर्नलिज्म के लिए 8 तक कर सकते हैं आवेदन

**प्रस, फरीदाबाद** : एमए (जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन) कोर्स में ऐडमिशन लेने के इच्छुक छात्रों के लिए अच्छी खबर है। स्टूडेंट वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी में ऐडमिशन के लिए 8 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यूनिवर्सिटी ने फिजिकल कांउसिलिंग के कार्यक्रम की भी घोषणा की है।

**वाईएमसीए में खाली सीटों के लिए कर सकते है ऑनलाइन अप्लाई, 9 व 13 अगस्त को होगी फिजिकल काउसंलिंग**

मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल ने बताया कि एमए (जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन) में रिजर्व खाली सीटों पर ऐडमिशन स्नातक में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर किया जाएगा, जिसमें आरक्षित वर्गों के स्टूडेंट्स को वरीयता दी जाएगी। इसके बाद सीटें खाली रहने पर आवेदन करने वाले अन्य सभी स्टूडेंट्स का ऐडमिशन किया जाएगा। डॉ. सिंघल ने बताया कि इस समय कोर्स में विभिन्न श्रेणी की करीब 14 सीटें खाली हैं। एमए (जर्नलिज्म व मास कम्युनिकेशन) कोर्स में ऐडमिशन के लिए न्यूनतम पात्रता किसी भी स्ट्रीम में 50 प्रतिशत अंकों सहित स्नातक है, जबकि अनुसूचित जाति के स्टूडेंट्स के लिए न्यूनतम पात्रता 45 प्रतिशत प्राप्त अंकों की है। ऑनलाइन आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स की पहली फिजिकल काउंसलिंग 9 अगस्त व दूसरी फिजिकल काउंसलिंग 13 अगस्त को होगी।

**NEWS CLIPPING: 04.08.2018**

**PUNJAB KESARI (DELHI)**

# दाखिले के लिए पुनः आवेदन आमंत्रित

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा एम  ए जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए एक बार पुन: आवेदन आमंत्रित किये है तथा फिजिकल काउसंलिंग का कार्यक्रम घोषित किया है। अब विद्यार्थी एम ए जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 8 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ पूनम सिंघल ने बताया कि एम ए जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में आरक्षित श्रेणी की रिक्त सीटों पर पुन: आवेदन का निर्णय विद्यार्थियों के हितों को देखते हुए लिया गया है। उन्होंने बताया कि रिक्त सीटों पर दाखिला स्नातक में प्राप्त अंकों की मैरिट के आधार पर किया जायेगाए जिसमें आरक्षित श्रेणी की सीटों पर पहले आरक्षित वर्गों के विद्यार्थियों को वरीयता दी जायेगी। इसके उपरांतए सीटें रिक्त रहने पर आवेदन करने वाले सभी पात्र विद्यार्थियों को अवसर प्रदान किया जायेगा। इस समय पाठ्यक्रम में विभिन्न श्रेणी की लगभग 14 सीटें रिक्त है। डा सिंघल ने बताया कि एम ए जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए न्यूनतम पात्रता किसी भी संकाय में 50 प्रतिशत अंकों सहित स्नातक है जबकि अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम पात्रता 45 प्रतिशत प्राप्त अंकों की है। उन्होंने बताया कि पुन: आवेदन आमंत्रित करने से ऐसे विद्यार्थियों को लाभ होगाए जो स्नातक का परिणाम प्रतीक्षित होने या दस्तावेजों के आभाव में किसी कारण से आवेदन करने से वंचित रह गये थे। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के लिए पहली फिजिकल काउंसलिंग 9 अगस्त तथा दूसरी फिजिकल काउंसलिंग 13 अगस्त को होगी। डॉ पूनम सिंघल ने बताया कि पत्रकारिता एवं जनसंचार पाठ्यक्रम करने वाले विद्यार्थियों के लिए मीडिया के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। अब मीडिया केवल प्रिंट और टीवी तक सीमित नहीं है अपितु सोशल मीडिया में भी रोजगार उत्पन्न हो रहे हैं। अब मीडिया लेखन और वाचन कला तक ही सीमित नहीं है अपितु डिजिटल माध्यम भी कई अवसर प्रदान करता हैं। वेब मीडिया के बढ़ते प्रभाव के साथए डिजिटल मीडिया ने सबसे आगे स्थान ले लिया है। पारंपरिक माध्यम की तुलना में यह आसानए सरल और कम महंगा है और यह अधिक प्रभावी है क्योंकि आप अपने मोबाइल और हाथ से आयोजित उपकरणों में एक सुविधाजनक चैनल के माध्यम से दूसरों तक पहुंच सकते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा करवाये जाने वाले दो वर्षीय पाठ्यक्रम में संचार शोधए विज्ञापन एवं जनसम्पर्क, टीवी एवं प्रिंट के साथ.साथ डिजिटल मीडिया आर्ट और कन्र्‍ावजन्ट जर्नलिज्म भी पढ़ाया जा रहा है। साथ ही विद्याथियों को टीवी प्रोडक्शन की नई तकनीकों के बारे में भी बताया जाता है। विश्वविद्यालय द्वारा अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित स्टूडियो भी स्थापित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2016 में शुरू किया गया था और यह विश्वविद्यालय में आट्र्‍स संकाय में एकमात्र पाठ्यक्रम है।

**NEWS CLIPPING: 04.08.2018**

**HINDUSTAN**

# पत्रकारिता के लिए आवेदन मंगाए

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एमए (पत्रकारिता और जनसंचार) पाठ्यक्रम में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए दोबारा आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए आठ अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दाखिला लेने वाले छात्र को व्यक्तिगत परामर्श के लिए आना होगा। यह जानकारी मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल ने दी।

उन्होंने बताया कि एमए (पत्रकारिता और जनसंचार) पाठ्यक्रम में आरक्षित श्रेणी की रिक्त सीटों पर पुनः आवेदन का निर्णय लिया गया है। आरक्षित श्रेणी की सीटों पर पहले आरक्षित वर्ग के ही छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।